5. निदेशकों का पारिश्रमिक

सरकारी कंपनी होने के नाते, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सहित प्रकार्यात्मक निदेशकों की नियुक्ति, कार्यकाल व पारिश्रमिक भारत सरकार द्वारा प्रशासनिक मंत्रालय के माध्यम से निर्धारित किया जाता है। सरकार नामित निदेशकों को कंपनी द्वारा कोई पारिश्रमिक/बैठक शुल्क नहीं दिया जाता है। निगमित अभिशासन पर डीपीई दिशा-निर्देशों के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार, कंपनी के निदेशक मंडल को कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निर्धारित सीमा के भीतर स्वतंत्र निदेशकों को देय बैठक शुल्क निर्धारित करने का अधिकार है। वर्तमान में, बोर्ड की प्रत्येक बैठक में भाग लेने के लिए स्वतंत्र निदेशकों को ₹40,000 और प्रत्येक समिति की बैठक में भाग लेने के लिए ₹30,000 का बैठक शुल्क दिया जा रहा है।

वित्त वर्ष 26 के दौरान कंपनी के प्रकार्यात्मक निदेशकों को भुगतान किये गये पारिश्रमिक का विवरण और बोर्ड एवं इसकी समितियों की बैठकों में भाग लेने के लिए स्वतंत्र निदेशकों को भुगतान की गयी बैठक शुल्क का विवरण क्रम से तालिका क एवं तालिका ख में दिया गया है :-

तालिका क: वित्त वर्ष 26 के दौरान आयोजित बैठकों के लिए स्वतंत्र निदेशकों को भुगतान किए गए बैठक शुल्क का विवरण

स्वतंत्र निदेशक का नाम	राशि (₹)
श्री शब्दशरण एन. ब्रह्मभट्ट	21,10,000/-
डॉ. जगनाथ सी.एम. जोड़ीधर	17,80,000/-
श्री राम निहाल निषाद	16,70,000/-
श्रीमती रोहिणी रावत	18,50,000/-

नोट:-

- बैठक शुल्क के अतिरिक्त, स्वतंत्र निदेशकों को बोर्ड/समितियों की बैठकों में भाग लेने और आधिकारिक परियोजना दौरों के लिए किए गए भोजन/आवास/वाहन व्यय का भी भुगतान/प्रतिपूर्ति की जाती है।
- ऊपर उल्लिखित को छोड़कर, गैर-कार्यपालक निदेशकों का वित्त वर्ष 26 के दौरान कंपनी के साथ कोई वित्तीय संबंध या लेन-देन नहीं है।
- स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के नियम और शर्तें कंपनी की वेबसाइट https://www.ireda.in/policy/id-appointment-terms पर उपलब्ध हैं।

तालिका ख: वित्त वर्ष 26 के दौरान कार्यात्मक निदेशकों को भुगतान किया गया पारिश्रमिक

(₹ लाख में)

नाम व पदनाम	वेतन व भत्ते	कार्य-निष्पादन से जुड़े प्रोत्साहन	अन्य लाभ	नियोक्ता पीएफ अंशदान	राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस)	कुल
श्री प्रदीप कुमार दास अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	39.68	25.41	62.37	7.00	3.57	138.03
डॉ. बिजय कुमार महान्ती निदेशक (वित्त) एवं मु.वि.अ.	32.33	16.97	25.09	3.89	3.88	82.17

नोट:-

- कंपनी ने वित्त वर्ष 26 के दौरान कोई भी स्टॉक विकल्प नहीं दिया था।
- प्रकार्यात्मक निदेशकों/निदेशकों की सेवा-शर्तें, जिसमें सूचना अवधि और पृथक्करण शुल्क, यदि कोई हो, शामिल हैं, भारत सरकार द्वारा जारी नियमों और शर्तों के अनुसार शासित हैं।
- कार्य-निष्पादन से जुड़े प्रोत्साहन का भुगतान डीपीई द्वारा इस संबंध में जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जाता है।
- कंपनी के लागू नियमों के अनुसार, कार्यात्मक निदेशक भी चिकित्सा सुविधा पाने के हकदार हैं।

6. आम सभा बैठकें

➢ वार्षिक आम बैठक

आयोजित पिछली (तीन) वार्षिक आम बैठकों (एजीएम) की तिथि, समय और स्थान का विवरण निम्नानुसार है:

वित्त वर्ष	दिन, तिथि और समय	स्थान	क्या कोई विशेष प्रस्ताव पारित किया गया
2022-23	शुक्रवार 30.06.2023 को दोपहर 12:30 बजे	जुनिपर हॉल, ग्राउंड फ्लोर और हैबिटेट वर्ल्ड, भारत पर्यावास केंद्र, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003।	हां*